राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र
पाठ 21 : एक अंकन प्रणाली-इकहरा लेखन प्रणाली
कार्यपत्रक - 21

1. “इकहरा लेखा प्रणाली एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें लेखांकन अभिलेखो को पुस्त पालन की दोहरा लेखा प्रणाली के अनुसार नहीं रखा जाता है।इस कथन के प्रकाश में इकहरा लेखा प्रणाली की अवधारणा की व्याख्या करिये। साथ ही, इकहरा लेखा प्रणाली की विभिन्न विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।
2. "इकहरा लेखा प्रणाली अपूर्ण और अपर्याप्त सूचनाएं उपलब्ध कराती है” ।इकहरा लेखा प्रणाली की सीमाओं का विस्तार करते हुए इस कथन की व्याख्या करिये।

3. अमन एक व्यवसायी है। वह नहीं जानता कि जब लेखांकन अभिलेख अपूर्ण हैं तो लाभ का पता कैसे लगाया जाए। उसे व्यवसाय के लाभ का पता लगाने के तरीकों का सुझाव दीजिये ।

4. नमन अपनी पुस्तकों को इकहरा लेखा पद्धति के अनुसार बनता है।वह आपको निम्नलिखित जानकारी देता है:

1 अप्रैल, 2020 को पूंजी	56,000
1 अप्रैल, 2021 को पूंजी	78,000
अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक आहरण	18,200
1 अगस्त, 2020 को पूंजी लगायी	7,700

आप उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर नमन के लाभ व हानि की गणना कीजिए।

5. अपने मित्र को अपूर्ण अभिलेखों से खातों को पूर्ण अभिलेखों में बदलने की प्रक्रिया समझाइए।

6. "अंतिम खाते बनाने के लिएसूचनाए सीधे अपूर्ण खातों से नहीं मिल पाती है।"इस कथन के आलोक में कुल क्रय के मामले में गायब आंकड़े का पता लगाने की प्रक्रिया की व्याख्या करिये।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र

पाठ 21 : एक अंकन प्रणाली-इकहरा लेखन प्रणाली

कार्यपत्रक - 21

7. निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर वर्ष के दौरान हुई कुल विक्रय ज्ञात कीजिए।

1 जनवरी, 2020 को देनदार -	रु. 45, 500
देनदारों से प्राप्त रोकड़ -	रु.1, 31,700
विक्रय वापसी -	रु. 10,800
अशोध्य वापसी -	रु. 4, 700
31 दिसंबर, 2020 को देनदार -	रु. 65,100
नकद विक्रय -	रु. 1, 12,300

8. राहुल अपने व्यवसाय के उचित अभिलेख नहीं रखता है। वह आपको निम्नलिखित जानकारी देता है:प्रारम्भिक पूंजी 3, 00,000, अंतिम पूंजी 2, 70,000, वर्ष के दौरान आहरण 40,000, वर्ष के दौरान लगायी गई अतिरिक्त पूंजी65,000। वर्ष का लाभ व हानि की गणना करिये।

9. सुमित इकहरा लेखा पद्धति के उपयोगों को नहीं समझ पा रहा है । उसे इकहरा लेखा प्रणाली के उपयोग समझाइए।

10. पूजा अपनी पुस्तके इकहरा लेखा पद्धति के अनुसार बनाती है।31 मार्च, 2021 को सम्पति होने वाले वर्ष के लिए वह वह आपको निम्नलिखित जानकारी दे ती हैं। 31 मार्च, 2021 को पूंजी 19,700, 1 अप्रैल, 2020 को पूंजी 20,500, वर्ष के दौरान अपने निजी व्यय के लिए निकाले -7,520। पूजा ने वर्ष के दौरान रु 5,000 के विनीयोग 2% आहरण प्रीमियम पर बेच दिया और उस पैसे को व्यवसाय में लगा दिया। आपको लाभ व हानि का विवरण बनाना है।